भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 129
जिसका उत्तर सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक) को दिया गया

भारतीय स्टेट बैंक में निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों की नियुक्ति

129. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंध निदेशक सहित वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुमति दी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जब भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सरकारी क्षेत्र के बैंकों में पहले से ही अनुभवी अधिकारियों का एक पूल मौजूद है, तो ऐसी नियुक्तियों की अनुमति देने के क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसी नियुक्तियों में पारदर्शिता, योग्यता-आधारित चयन और हितों के टकराव को रोकने के लिए कोई दिशानिर्देश या सुरक्षा उपाय किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह कदम भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सरकारी क्षेत्र के बैंकों में धीरे-धीरे निजीकरण या सरकारी क्षेत्र के स्वरूप को कमजोर करने की दिशा में बदलाव का संकेत देता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि ऐसे नीतिगत बदलावों से मौजूदा कर्मचारियों के हित, संसद के प्रति जवाबदेही और भारतीय स्टेट बैंक के जन सेवा अधिदेश के साथ कोई समझौता न हो?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) की नियुक्ति के लिए समान, पारदर्शी और व्यापक फ्रेमवर्क सुनिश्चित करने और उभरते बैंकिंग और अभिशासकीय परिदृश्य के साथ प्रक्रिया को अनुरूप बनाने के लिए सरकार ने 04.10.2025 को संशोधित समेकित दिशानिर्देश जारी किए। ये दिशानिर्देश पहले के खंडित अनुदेशों को एकल, सुसंगत फ्रेमवर्क से प्रतिस्थापित करते हैं, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता और सुसंगता आती है।

पूर्व के दिशानिर्देशों के अनुसार, चार बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों (बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और पंजाब नैशनल बैंक) में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एंड सीईओ) का पद सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए खुला था। संशोधित समेकित दिशानिर्देशों के अंतर्गत टैलेंट पूल का विस्तार करने और पीएसबी में वरिष्ठ प्रबंधन नियुक्तियों को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीयकृत बैंकों में सभी एमडी और सीईओ पद, भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंध निदेशक का एक पद और बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशक का एक पद भी निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए खोले गए हैं। पीएसबी के उम्मीदवार उक्त पदों के लिए पात्र बने रहेंगे।

(ग): पारदर्शिता सुनिश्चित करने, योग्यता-आधारित चयन और हितों के टकराव की रोकथाम के लिए, सरकार ने दिनांक 01.07.2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों में पूर्णकालिक निदेशकों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश करने हेतु वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो का गठन किया।

(घ): जी, नहीं।

(ङ): प्रश्न ही नहीं उठता

***